दैनिक भास्कर

21-Jan-2020
आरा Page 2

जागरुकता • जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से कलेक्ट्रेट में स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की जानकारी जरुरी : डीएम

पहले स्थान पर ज्ञान ज्योति विद्यालय द्वितीय पर एसटीएसवी स्कूल रहा

सिटी रिपोर्टर | आरा

जिला निर्वाचन कार्यालय ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के बीच मतदाताओं के अधिकार व कर्तव्य विषय पर जागरुकता कार्यक्रम किया। निर्वाचक साक्षरता क्लब की गतिविधियों पर आधारित जिला स्तरीय अंतर विद्यालय क्विज कांटेस्ट कराया। इसमें 17 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के बच्चों ने प्रथम स्थान पाया। एसटीएसवी इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय और तीसरे स्थान पर केंद्रीय विद्यालय के बच्चे रहें। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए डीएम रोशन कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने को लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना आवश्यक है। आज के बच्चें ही कल के मतदाता होंगे। भविष्य के मतदाता के रूप में स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्रा को चुनावी प्रक्रिया के संबंध में स्वयं भी जानकारी होनी चाहिए। इनके माध्यम से अन्य लोगों को भी जागरुक एवं प्रेरित करना आवश्यक है। इसे लेकर निर्वाचक साक्षरता क्लब की गतिविधियों पर आधारित स्कूली बच्चों का यह कार्यक्रम आयोजित है। विजेता बच्चों को 25 जनवरी के दिन मतदाता दिवस के मौके पर डीएम द्वारा पुरस्कार दिया जायेगा। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी निवेदिता सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे। कृषि भवन में आयोजित क्विज कांटेस्ट में ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, एसटीएसवी इंटरनेशनल स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, गर्ल्स स्कूल, डा. नेमीचंद शास्त्री प्लस टू कन्या स्कूल, हित नारायण क्षत्रिय स्कूल, जीन पॉल्स स्कूल, डीएवी धनुपरा, एसएन मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल, सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल, शांति स्मृति संभावना आवासीय उच्च विद्यालय, डीके कारमेल स्कूल, माउंट लिट्रा जी स्कूल, मां मैत्रायनी योगिनी स्कूल गुण्डी, प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, बीडी पब्लिक स्कूल नवादा और आरवीएस पब्लिक स्कूल के बच्चे शामिल हुए। उन्हें कई टिप्स भी दिए गए।

कृषि भवन में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में शामिल बच्चों के साथ डीएम।